तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 4 दिसंबर 2025



4 भारी वाहनों पर प्रतिबंध, नो एंट्री में गाड़ी घुसी तो होगी कार्रवाई






## खबर संक्षेप

### अग्निवीर लिखित परीक्षा उत्तीर्ण युवाओं से 8 तक आवेदन

**सारंगढ़।** भारतीय थल सेना द्वारा वर्ष 2025-26 में आयोजित अग्निवीर भर्ती के लिए आयोजित आनलाइन परीक्षा सीईई में उत्तीर्ण सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के युवाओं को जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण विकासखंड मुख्यालय सारंगढ़ए बिलाईगढ़ और बरमकेला में दिया जाएगा। निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए इच्छुक युवाओं से ईमेल में 8 दिसंबर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है।

### अवैध धान परिवहन व भण्डारण पर प्रशासन की कार्रवाई

**सारंगढ़।** जिले में धान की अवैध खरीदी बिक्री की रोकथाम के लिए निरंतर कार्रवाई किया जा रहा है। इस वर्ष 03 दिसम्बर तक राजस्व विभागए खाद्य विभाग, कृषि उपज मंडी, सहकारिता विभाग के अधिकारियों द्वारा सारंगढ़.बिलाईगढ़ जिले में कुल 76.75 लाख रूपये का कुल 2476 क्विंटल धान जब्त किया गया है और यह कार्यवाही निरंतर जारी है। राज्य शासन की मंशानुरूप केवल वास्तविक एवं पात्र कृषकों के वास्तविक रकबे के आधार पर ही धान खरीदी हो सके। साथ ही कोचियों, व्यापारियों द्वारा किये जा रहे अवैध धान की खरीदी बिक्री पर रोकथाम की जा सके।

### एसआईआर, आत्मनिर्भर भारत को लेकर बैठक

**सारंगढ़।** एसआईआर मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्य के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। जिस में मुख्य अतिथि के रूप में रायगढ़ लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया और विशिष्ठ अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति लाल पटेल, जिपं अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा कि अच्छा तो विपक्ष ही बताए कि एसआईआर के बगैर मतदाता सूचियों की गड़बड़ी को सही कैसे किया जा सकता है। एक तरफ विपक्ष मतदाता सूची में गड़बड़ी की बात करती है तो दूसरी ओर एस आईआर के खिलाफ न्यायालय में जाती है और सड़कों पर उतरती है। एस आई आर से ही मतदाता सूची शत प्रतिशत सही होगा। संजय भूषण पांडे ने कहा कि बिहार में एस आई आर के दौरान एक और जहां कांग्रेस और राजद नेता वोटर अधिकार यात्रा निकालते रहे वहीं दूसरी ओर सुप्रीम कोर्ट में इस प्रक्रिया के खिलाफ सुनवाई भी होती रही। चुनाव आते आते बिहार के लोगों के लिए एसआईआर कोई मुद्दा ही नहीं रहा क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर में कोई खोट नहीं पाया। इस अवसर पर पूर्व विधायक,पंचायत सदस्य, जपं सदए प्रदेश पदाधिकारी कार्य समिति सदस्य, मोर्चा, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, कार्य समिति सदस्य गण, जिला पदाधिकारी, मोर्चा पदाधि कार्यसमिति सदस्य गण, मंडल के अध्यक्ष, महामंत्री, निवर्तमान मंडल अध्यक्षए के मंडल प्रभारी एवं पदाधिकारी गण सभी उपस्थिति रहे।

### दोनों जीआरपी में थे प्रधान आरक्षक, दोनों की थी नाइट ड्यूटी, एक की लाइन तो एक कर रहा था प्लेटफार्म ड्यूटी

# प्रगाढ़ थी दोनों में मैत्री, कुछ बात ऐसी हुई की तैश में पिस्टल से सिर और सीने में मार दी चार गोली







पीएम के लिए शव को अस्पताल ले जाते आरपीएफ के जवान इनसेट में मृतक और रेलवे पुलिस के बाहर लगी भीड़, गिरफ्त में आरोपी।


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बुधवार को तड़के रायगढ़ रेलवे स्टेशन के आरपीएफ (रेलवे पुलिस फोर्स ) पोस्ट में हुई हत्या को लेकर वहां के स्टाफ को भरोसा नहीं हो रहा था। कारण दोनों प्रधान आरक्षकों में प्रगाढ़ मैत्री थी, दोनों की एक साथ 2001 में भर्ती हुई थी और दोनों ने एक साथ ट्रेनिंग किया था।

थाने में भी एक दूसरे के कंधे से कंधा मिलाकर एक साथ चला करते थे। कभी किसी ने दोनों के बीच विवाद या बहस जैसी बातें नहीं सुनी, लेकिन बुधवार को सुबह-सुबह करीब 4 बजे दोनों के बीच ऐसी कुछ बात हो गई की तैश में आकर कुमार सिंह लदेर ने प्रेम कुमार मिश्रा के सिर और सीने में चार गोली दाग कर मौत की नींद सुला दी। मंगलवार-बुधवार की रात दोनों की नाइट ड्यूटी थी। एक की लाइन तो एक प्लेटफार्म ड्यूटी कर रहा था । प्रधान आरक्षक पीके मिश्रा किरोड़ीमल नगर से ड्यूटी कर लौटे थे और केएस लदेर स्टेशन ड्यूटी कर ऑफिस में बैठे थे। इसी दरमियान कुछ ऐसी बातें दोनों के बीच हो गई की श्री लदेर ने सर्विस पिस्टल से उसे चार गोली मार दी। दो गोली सिर और दो गोली सीने में मारने की जानकारी मिली है। इस घटना से एक बारगी रेलवे स्टेशन में सन्नाटा छा गया। वहां मौजूद अन्य दो स्टाफ का दिमाग पूरी तरह से सुन्न हो गया, दोनों को समझ नहीं आया कि क्या करें क्या न करें। काफी देर बाद जब दिमाग ने काम करना चालू किया तो बदहवास होकर एक ने कुछ दूर स्थित जीआरपी में तैनात पुलिस को सूचना दी। वहां से दो-तीन पुलिस कर्मी पहुंचे और हालात को समझने की कोशिश करने लगे। तब तक आरपीएफ के अन्य दोनों कर्मचारियों ने अपने उच्च कार्यालय के उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना दे दे दिया था। दूसरी ओर इस घटना ने वहां की सुरक्षा और अन्य व्यवस्था को लेकर ढ़ेरों सवाल भी खड़ा कर दिया है। मसलन दोनों डंडा लेकर ड्यूटी करते थे। पिस्टल माल खाने में रहता है। ऐसे में मालखाने की चाबी उसके पास कैसे आई और पिस्टल निकालने के लिए किसी से परमिशन लिया। इसके पहले भी आरोपी केएस लदेर को मैग्जिन गायब करने की वजह से रिमूव कर दिया गया था।

मामला रायगढ़ रेलवे स्टेशन पर मौजूद जीआरपी थाने का है, जहां हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत केएस लदेर निवासी जांजगीर, चांपा ने मामूली कहासुनी से उपजे विवाद पर अपने सहकर्मी पर सर्विस रिवाल्वर से गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पीके मिश्रा मूलतः मध्यप्रदेश के रीवा जिला के रहने वाले थे, और यहां रेलवे थाने में हेड कांस्टेबल के पद पर पदस्थ थे। कर्मचारियों बताया कि मंगलवार की रात पीके मिश्रा की रायगढ़ से किरोडीमल रेल्वे स्टेशन के बीच लाइन ड्यूटी थी। आम दिनों की तरह वो ड्यूटी कर सुबह साढ़े 3 बजे के आसपास रायगढ़ रेलवे स्टेशन के आरपीएफ थाने में पहुंचे थे। जहां पर किसी बात को लेकर केएस लदेर से उनकी बहस हो गई। पीके मिश्रा के कोई बात श्री लदेर को इतनी नागवार गुजरी की तैश में आकर अपनी ही सर्विस रिवाल्वर से चार राउंड फायर कर श्री मिश्रा की हत्या कर दी। सूचना मिलते ही एसईसीआर बिलासपुर आईजी के साथ एसपी और अन्य टीम पहुंची थी। पूरे मामले की जांच करने के बाद ही किस तरह का विवाद या बात हुई इसका खुलासा होने की बात अधिकारियों द्वारा कही जा रही है।

### गोली चलने की आई थी आवाज, पटाखे की आवाज समझ किए नजरअंदाज



रेलवे स्टेशन में मौजूद थानें के अन्य कर्मचारियों नें बताया कि सुबह के समय थाने में केवल केएस लादेर व पीके मिश्रा ही मौजूद थे। कुछ अन्य जवान स्टेशन में गश्त कर रहे थे, तभी उन्हें गोली चलनें की आवाज आई, शुरू में उन्होंनें उसे फटाखे की आवाज सुनकर नजरअंदाज कर दिया था, लेकिन तभी थाने की तरफ भागते हुए एक कर्मचारी नें सूचना दी की अंदर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया है। इस खबर को सुनने के बाद स्टेशन परिसर में अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया। अन्य जवानों नें जब अंदर जाकर देखा तो, पीके मिश्रा खून से लथपथ कुर्सी पर गिरे हुए थे। घटना के बाद भी आरोपी केएस लादेर थानें में ही मौजूद था, जिसके बाद तुरंत उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### चार राउंड की फायर, दो गोली कंधे व दो सिर पर

हत्यारा लदेर ने अपने ही सर्विस रिवाल्वर से सामने बैठे मृतक पर चार राउंड फायरिंग की, जिसमें से दो गोली तो सीने पर लगी, एक गोली सिर पर लगी, जिससे पीके मिश्रा की मौके पर ही मौत हो गई। मामले की जानकारी मिलते ही रेलवे के तमाम आला अधिकारी व फॉरेंसिक टीमें मौके पर पहुंच कर तफ्तीश में जुट गई। फिलहाल विवाद किस मामले को लेकर हुआ इसकी जानकारी नहीं मिल पा रही है।

### चौथीलाइन कनेक्टिविटी का होगा काम, ट्रेनों का परिचालन रहेगा प्रभावित



**रायगढ़।** हावड़ा-मुंबई मुख्य लाइन पर स्थित दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के बिलासपुर–झारसुगुड़ा सेक्शन में चौथीलाइन निर्माण का कार्य किया जा रहा है।इस कड़ी में चांपा-खरसिया सेक्शन के बाराद्वार स्टेशन में चौथीलाइन कनेक्टिविटी हेतु प्री-नॉन इंटरलॉकिंग/नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जायेगा । इस कार्य के फलस्वरुप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा,जिसकी जानकारी इस प्रकार है ।

रद्द होने वाली गाडियां: 9 से 13 दिसम्बर तक गाड़ी संख्या 68738/68737 बिलासपुर–रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी ।दिनांक 08 से 12 दिसम्बर 2025 तक गाड़ी संख्या 68736 बिलासपुर–रायगढ़ मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी ।दिनांक 09 से 13 दिसम्बर तक गाड़ी संख्या 68735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। रास्ते में समाप्त-प्रारंभ होने वाली गाड़ी: 9 से 13 दिसम्बर तक गोंदिया से चलने वाली गाड़ी संख्या 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर, बिलासपुर स्टेशन में समाप्त होगी तथा बिलासपुर-झारसुगुड़ा के मध्य रद्द रहेगी। इसी प्रकार दिनांक 09 से 13 दिसम्बर 2025 तक झारसुगुड़ा से चलने वाली 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन से प्रारंभ होगी तथा झारसुगुड़ा-बिलासपुर के मध्य रद्द रहेगी।

# 200 सीटर लाइब्रेरी में पढ़ने के लिए छात्रों की लंबी कतार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- माहौल की वजह से पढ़ने जाते है लोग, लेकिन नहीं मिल रहा प्रवेश

शहर में संचालित एक मात्र सरकारी ग्रंथालय में पढ़ने वालों के हिसाब से ही सीट ही नहीं है। यहां सैंकड़ों लोगों की वेटिंग चल रही है, जिसके कारण यहां पढ़ने वाले छात्र - छात्राओं को काफी अधिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है। रायगढ़ जिले में युवाओं की मांग को देखते हुए शासकीय लाइब्रेरी को 2023 में जीर्णोद्धार किया गया था। जिस वक्त इसे खोला गया था उस वक्त यहां 200 लोगों के बैठने की वयवस्था की गई थी, लेकिन धीरे-धीरे लाइब्रेरी कल्चर में पढाई करने की डिमांड इतनी ज्यादा हो गई अब यहां पर वेटिंग जैसे हालात निर्मित हो गया है। मौजूदा वक्त तक इस लाइब्रेरी में 3 हजार से अधिक छात्र छात्राएं रजिस्ट्रर्ड हैं, जिनमें से 641 एक्टिव हैं और हर रोज इस लाइब्रेरी में पढ़ने आते हैं, जो कि लाइब्रेरी की कुल कैपेसिटी से लगभग 3 गुना ज्यादा है। इस हाल यहां पढ़ने वाले लोगों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।



### पहले आओ पहले पाओ

लाइब्रेरी को पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर चलाया जा रहा है। जो समय से पहले आकर सीट ले लिए वो पढ़ाई कर सकते हैं बाकी अपनी बारी का इंतजार करते हैं। यहां पर छात्रों की संख्या अधिक होने की वजह से लाइब्रेरी को दो शिफ्ट में संचालित किया जा रहा है। सुबह 8 से 2 बजे और दोपहर 2 से रात के 8 बजे तक, इसके बाद भी यहां कई लोगों को लाइब्रेरी में पढ़ने से वंचित होना पड़ रहा है। लाइब्रेरी संचालक द्वारा कई लोगों को तो कान्फ्रेंस रूम और क्लास रूम में एडजस्ट कर पढ़ने दिया जाता है। किसी प्रतियोगी परीक्षा आने पर यहां हालत और खराब हो जाती है।

### लैब में मात्र 15 कमप्यूटर वो भी ठीक से नही चलते

जिला ग्रंथालय निर्माण के समय यहां पर 50 सीटर कंम्प्यूटर लैब की स्थापना की बात कही गई थी, लेकिन वर्तमान में यहा मात्र 15 कंम्प्यूटर है। उसमें भी कई ठीक ढंग से नहीं चलते है। मजबूरन यहां पढ़ने के लिए लोग अपने मोबाइल, टैब या पसर्नल लैपटॉप का सहारा लेते हैं।

### सीट बढ़ाने की हो रही मांग

यहां पढनें आनें वाले छात्र छात्राएं लाइब्रेरी में सीट बढ़ानें की मांग लंबे समय से कर रहे हैं। दरअसल जिले में एक ही शासकीय लाइब्रेरी संचालित है, जिसमें पढ़ाई करनें के एवज में सलाना मात्र 17 सौ रूपये फीस ली जाती है। वहीं अन्य निजी लाइब्रेरी में इतनी ही फीस महीनें की होती है। ज्ञात हो कि पूर्व में जिले में 3 लाइब्रेरी संचालित की जाती थी, जो कि अब घट कर केवल एक ही रह गई है।

### पूजा-अर्चना के बाद अगहन महीने का होगा समापन

# अगहन का आखिरी गुरूवार आज, लक्ष्मी की होगी पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



मां लक्ष्मी की आराधना के पर्व पर अगहन महीने के अंतिम गुरुवार को विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। बुधवार को उनके स्वागत के लिए श्रद्धालु अपने घरों में तैयारियां जोर-शोर से कर रहे थे। चावल के आटे के घोल से पद चिह्न व चौक बनाया है। अगहन माह का प्रारंभ 06 नवंबर से हुआ है। कृष्ण पक्ष की चतुर्थी पर अगहन के प्रथम गुरुवार का पर्व मनाया गया था।

4 दिसंबर को मां लक्ष्मी एवं भगवान विष्णु की विशेष पूजा-अर्चना के बाद अगहन माह समाप्त होगा। इस माह के प्रत्येक गुरुवार की तरह, एक दिन पूर्व श्रद्धालुओं ने शाम को घर की साफ-सफाई कर मुख्य द्वार से घर के सभी कमरों से होते हुए पूजा स्थल तक नए चावल के आटे के घोल से मां के पद चिह्न बनाए जाते हैं। घर आंगन में दीप प्रज्जवलित कर लक्ष्मी माता के पदचिन्ह और विभिन्न पूजन सामाग्री महिलाएं एक दिन पूर्व ही तैयार कर लेती है। मान्यता है कि इस पूजा को करने से घर में सुख, समृध्दि की प्राप्ति होती है। विदाई की मान्यता: पं दीपक शर्मा ने बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार मां लक्ष्मी, भगवान विष्णु से रूठ कर इसी माह पृथ्वी लोक में आकर एक गरीब वृद्ध महिला के यहां रहती हैं। अगहन के अंतिम गुरुवार को भगवान विष्णु उन्हें ढूंढते हुए वहां पहुंचते हैं। दोनों में सुलह होती है और फिर विदाई की घड़ी आती है, तब वृद्धा मां लक्ष्मी को बेटी मानते हुए यथा शक्ति विदाई देती हैं।

## हरिभूमि जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 371. मेश पटेल पिता\पति ईश्वर पटेल पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 372. हेमांगी शांडिल्य पिता\पति अमृत शांडिल्य पता– रायपुर, 373. हरिशंकर चंद्राकर पिता\पति स्व. फूलसिंह चंद्राकर पता- सुन्दर नगर रायपुर, 374. रूप राम साहू पिता\पति चैन सिंह साहू पता - बोरिया खुर्द रायपुर, 375. मिथलेश आडिल पिता\पति अजीत राम आडिल पता- राम नगर चंगोरा भाठा रायपुर, 376. रूपराम देवांगन पिता\पति घसिया राम देवांगन पता- मथपुरेना रायपुर, 377. सृष्टि चंद्राकर पिता\पति देवेन्द्र कुमार चंद्राकर पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 378. जितेश कुमार देवांगन पिता\पति बलदेव देवांगन पता- शहीद भगत सिंह चौक टिकरापारा रायपुर, 379. एशिता सेन पिता\पति जितेन्द्र सेन पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 380. त्रिशा सिन्हा पिता\पति पदमलोचन सिन्हा पता- मोहंदा तरपोंगी रायपुर, 381. अनन्या साहु पिता\पति रोशन लाल साहु पता- सरकडा पोस्ट पांडुका, 382. देवानंद साहू पिता\पति महेतरू राम साहू पता- दहदहा धमतरी, 383. लता बाई साहू पिता\पति सनत राम साहू पता- बकली कुरूद धमतरी, 384. सैय्यद मख्मूद अली पिता\पति सैय्यद महमूद अली पता- सिहावा चौक धमतरी, 385. थानेखर सिन्हा पिता\पति राम कुमार सिन्हा पता- भोथिपार खुर्द नयापारा राजनादगांव, 386. पशुपति नाथ ताम्रकार पिता\पति स्व. शंकर लाल ताम्रकार पता- गैंदाटोला राजनादगांव, 387. सुनीता सोनी पिता\पति राकेश कुमार सोनी पता- सोनार पारा राजनादगांव, 388. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता- बेमेतरा, 389. झामिन देवांगन पिता\पति हरीश कुमार देवांगन पता- सरगपाल कांकेर, 390. ईश्वर चंद खिस्ती पिता\पति स्व. सूर्यकान्त खिस्ती पता- चितौद पुरुर धमतरी, 391. सरिता राव पिता\पति M.G. राव पता- नयापारा जगदलपुर, 392. राजेंद्र सिदार पिता\पति वासुदेव सिदार पता- अयोध्या नगर महासमुंद, 393. बेला शर्मा पिता\पति विजय कुमार शर्मा पता- AH\34 कलेक्टर कॉलोनी कवर्धा, 394. कुंदन वर्मा पिता\पति भेलेंद्र कुमार वर्मा पता- अर्जुनी, 395.मिथलेश ठाकुर पिता\पति लक्ष्मा ठाकुर पता- डी.एन. के. कोंडागांव, 396. हर्षित टंडन पिता\पति द्वारिका प्रसाद पता- क्वा.2/C 15 जोन- 1 खुर्सीपार, 397. निर्मल सिंह पिता\पति स्व.तेजा सिंह पता- Q.N.-90/J कैंप -01 भिलाई, 398. केशव दास साहू पिता\पति दानी राम साहू पता-वार्ड न.-27 सुभाष नगर खुर्सीपार भिलाई, 399. खिलेश देवांगन पिता\पति चैत लाल देवांगन पता- क्वा. न. 5\H जोन-01 खुर्सीपार भिलाई, 400. अन्नपूर्णा साहू पिता\पति तुला राम साहू पता-रामनगर भिलाई, 401. चैतन्य साहू पिता\पति तेजप्रकाश साहू पता-अंजोरा दुर्ग, 402. रेखचंद ठाकुर पिता\पति रोमन ठाकुर पता- गनियारी दुर्ग, 403. सतीश देवांगन पिता\पति स्व.जीवन लाल देवांगन पता- कोष्टा पारा देवांगन, 404. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 405. समय लाल साहू पिता\पति नजऊ राम साहू पता-पुरनी बस्ती पोटियाकला दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण-** 406. नारायण कुमार सोनी पिता/पति -महेंद्र कुमार सोनी पता– बड़ौदा, 407. दिनेश देवांगन पिता/पति लखन लाल देवांगन पता- मेन रोड गांधी चौक सिवनी चांपा, 408. अननिया शराफ़ पिता/पति यशवंत शराफ़ पता– बलौदा, 409. महेंद्र कुमार सोनी पिता/पति शिव कुमार सोनी पता- बलौदा सोनरपारा, 410. अखिलेश्वर प्रसाद पिता/पति स्व. रेशम लाल पता- पौना जांजगीर, 411. अरुण कुमार यादव पिता/पति प्रकाश चंद यादव पता- खोखासा वार्ड- 4 जांजगीर, 412. रामेश्वर कुमार सूर्यवंशी पिता/पति पीसोद जांजगीर, 413. विकेश यादव पिता/पति रघुलाल यादव पता- पुरानी बस्ती नैला वार्ड-4, 414. पीयूस यादव पिता/पति तिवारी पारा खरौद नगर जांजगीर रायगढ़ जिला 415. रूप दर्शन पिता/पति अजय कुमार दर्शन पता- केलो विहार कालोनी, 416. ललित गुप्ता पिता/पति श्याम चंद्र गुप्ता पता- कंसबेल 417. लालिमा चौहान पिता/पति जीवरधन चौहान पता- बेलाडुल खररघाट, 418. जीवर्धन प्रसाद चौहान पिता/पति स्व. सुकमुना चौहान पता- बेलाडुल रायगढ़ 419. श्याम सिंह ठाकुर पिता/पति स्व. अमरनाथ सिंह ठाकुर पता- दारोगपारा रायगढ़ मुंगेली जिला, 420. प्रिया तंबोली पिता/पति मनीष तंबोली पता- शिक्षक नगर आंबेडकर वार्ड मुंगेली 421. श्रृंखला शर्मा पिता/पति चंद्रशेखर शर्मा पता- मुंगेली, 422. डॉली श्रीवास पिता/पति कमलेश श्रीवास पता- अग्रसेन वार्ड, 423. संतोष कुमार पाठक पिता/पति स्व. सलिक राम पाठक पता- मुंगेली, 424. अक्षय कुमार देवांगन पिता/पति राजेश देवांगन पता- पड़ाव पारा मुंगेली, 425. रितिका देवांगन पिता/पति बसंत देवांगन पता- आंबेड़कर वार्ड मुंगेली, 426. धीरज बांध पिता/पति संदीप बांध पता- मिशन कम्पाउन्ड मुंगेली, 427. दिवांश पटेल पिता /पति वार्ड-1 सूरदा देवरी, 428. आंचल पटेल पिता/पति वार्ड-1 सड़क पारा सूरदा देवरी मुंगेली, **भोपाल संस्करण -** 429. अंशुल सेन पिता\पति विनोद सेन पता- ई-6 जनता कॉलोनी अरेरा कॉलोनी, 430. पूजा सेन पिता\पति विनोद सेनशाहपुरा, 431. रोशन रैकवार पिता\पति विमल रैकवार पता- 21 श्याम नगरभोपाल, 432 .दिनेश कुमार पटेल पिता\पति रामसलोने पता-पटेलशॉप 18 मेट्रो वॉक विटटन मार्केट, 433. रवि कुमार पाण्डेय पिता\पति किशन पाण्डेय पता-विश्वकर्मा नगर, 434. नीरज चौबे पता- विदिशा पेढ़ी स्कूल के पास, 435. रानी कुशवाह पिता\पति सुनील कुशवाह पता- विदिशा, 436. आदित्य सक्सेना पिता\पति मनोज सक्सेना पता- मकान नं.115 फेस-3 अरिंहंत विहार विदिशा, **जबलपुर संस्करण** 437. नरेंद्र कुमार जैन पिता\पति स्वर्गी कोमल चंद्र जैन गोल बाजार जबलपुर, 438. प्रेमा नारायण पिता\पति बसु देव संजय गांधी नगर कटंगा जबलपुर, 439. अंश सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- 970 मंजू पर्थ दीक्षित पूरा उपरैनगंज डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद वार्ड जबलपुर, 440. प्रिथम नायक पिता\पति प्रदीप नायक पता- नेहरू वार्ड क्रमांक 8 पाटन, 441. सुजीत कुमार द्विवेदी पिता\पति श्री रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 अनूपपुर, 442. जितेंद्र गौतम पिता\पति स्वर्गीय बाला प्रसाद गौतम अनूपपुर कोतमा, 443. आरती गुप्ता पिता\पति अभिनेश गुप्ता वार्ड नंबर 6 पुरानी बस्ती कोतमा, 444. अर्चित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे कोतमा।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि



# कोरिया में 8 दिसंबर को रिलीज होगी लव इन वियतनाम...

**मुंबई।** शांतनु माहेश्वरी और अवनीत कौर स्टारर 'लव इन वियतनाम' चार महीने पहले अगस्त में भारत में रिलीज हुई थी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। अब भारत के बाद 'लव इन वियतनाम' कोरिया में रिलीज होने वाली है। राहत शाह काजमी द्वारा निर्देशित 'लव इन वियतनाम'8 दिसंबर को कोरिया में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म भारत में 12 सितंबर को रिलीज हुई थी। यह सबाहतिन अली के सबसे ज्यादा बिकने वाले उपन्यास 'मैडोना इन अ फर कोट'से प्रेरित एक दिल दहला देने वाली प्रेम कहानी है। यह हिंदी सिनेमा में भारत-वियतनाम के बीच पहला सहयोग है। लव इन वियतनाम के कोरिया में रिलीज होने पर फिल्म की कास्ट ने खुशी जताई।

## लाइफ Style



# एला


## खूबसूरत लुक से लूटी लाइमलाइट

एजेंसी ▶▶ पेरिस

पेरिस में हर साल 'ले बाल डेस डेब्यूटेंट्स' आयोजित होता है, जिसे ले बाल भी कहा जाता है। यह एक सालाना फैशन इवेंट हैं, जहां दुनियाभर के प्रतिष्ठित व शाही परिवारों की बेटियां डेब्यू करती हैं। इस साल एला वाडिया ने उपस्थिति दर्ज कराई और अपने लुक से इस इवेंट में छा गईं।

फैशन इवेंट 'ले बाल' हर साल नवंबर में पेरिस में आयोजित होता है। यहां दुनियाभर के फिल्म, राजनीति, बिजनेस व अन्य प्रतिष्ठित घरानों की बेटियां इंटरनेशनल सोसाइटी के सामने औपचारिक रूप से रूबरू होती हैं। यह सिर्फ फैशन से जुड़ा इवेंट नहीं है, बल्कि इसका ताल्लुक पीढ़ियों से चली आ रही परंपरा और प्रतिष्ठा से भी है। इस बार भारतीय एला वाडिया ने भी इवेंट में उपस्थिति दर्ज कराई और छा गईं। पेरिस के इस इवेंट में भारतीय नाम एला वाडिया की चर्चा हो रही है। मगर, उनका कनेक्शन मोहम्मद अली जिन्ना से है। बता दें कि एला वाडिया भारत के प्रतिष्ठित बिजनेस घराने वाडिया ग्रुप से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता जहांगीर वाडिया का ताल्लुक बॉम्बे डाइंग, बॉम्बे रियलिटी और गो फर्स्ट जैसी कंपनियों से रहा है। वहीं, मां सेलीना वाडिया फैशन डिजाइनर हैं। एला वाडिया अगर भारत के वाडिया ग्रुप से ताल्लुक रखती हैं तो मोहम्मद अली जिन्ना से उनका कनेक्शन कैसे हुआ? इसका जवाब यह है कि जिन्ना की बेटी दीना जिन्ना ने नेविल वाडिया से शादी की थी। उनके बेटे नुस्ली वाडिया हुए। नुस्ली वाडिया ग्रुप के चेयरमैन हैं। उनके दो बेटे-नेस वाडिया और जहांगीर वाडिया हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# बॉक्स ऑफिस पर सबसे बड़ा सम्राट

**नई दिल्ली।** जेम्स कैमरून अकेले ऐसे निर्देशक हैं जिनकी दो फिल्मों ने दुनिया के बॉक्स ऑफिस पर नंबर 1 का ताज पहना, टाइटैनिक और अवतार. नोलन की फिल्मों ने भी शानदार सफलता हासिल की है, लेकिन कैमरून की फिल्मों का प्रभाव ऐसा है जिसके सामने हर रिकॉर्ड छोटा पड़ जाता है। वे सिर्फ फिल्में नहीं बनाते, वे बॉक्स ऑफिस की दिशा बदल देते हैं। नोलन कहानी और संरचना के उस्ताद हैं, लेकिन कैमरून ने सिनेमा की तकनीक का भविष्य गढ़ा है।




# शादी के 7 साल पूरे होने का मनाया जश्न

**लॉस एंजिल्स।** देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की शादी को 7 साल बीत चुके हैं। मंगलवार को प्रियंका और निक की वेडिंग एनिवर्सरी थी। इस खास मौके पर निक ने प्रियंका की एक हॉट तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की और एक खास नोट भी लिखा। इसमें प्रियंका समुद्र किनारे लेटी हुई हैं, पीठ कैमरे की तरफ है। निक ने लिखा, 'मेरी ड्रीम गर्ल से शादी को 7 साल हो गए।' कथित तौर पर प्रियंका और निक की लव स्टोरी की शुरुआत ट्विटर से हुई थी। दरअसल, निक ने ट्विटर (एक्स) पर प्रियंका को मैसेज भेजा था। फिर दोनों मैसेज करने लगे। साल 2017 में पहली बार वैनिटी फेयर ऑस्कर पार्टी में मिले। इसके बाद 2017 के मेट गाला में साथ रेड कार्पेट पर नजर आए। 2018 में इनकी डेटिंग की खबरें आईं।



# मिसेज देशपांडे का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित अपने नए शो 'मिसेज देशपांडे' के साथ ओटीटी पर आने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। नागेश कुकुनूर के निर्देशन में बना शो 'मिसेज देशपांडे' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि माधुरी दीक्षित का किरदार कुछ लोगों को रस्सी के जरिए मार देता है। पुलिस केस की जांच करती है और कहती है कि इन लोगों को नायलॉन की रस्सी से मारा गया है और शीशे के सामने बॉडी को रखा गया है। लगता है 25 साल पहले वाली कोई सीरियल किलर है। ट्रेलर में पुलिस माधुरी से पूछताछ करती हैं। माधुरी कहती हैं, मैं यहां अंदर हूं। इसका मतलब कोई बाहर है, जो मेरी नकल कर रहा है। इसके बाद माधुरी पुलिस वाले से डील करती हैं। वह कहती हैं आपको मेरी मदद की जरूरत है लेकिन मुझे बदले में कुछ चाहिए।



# धुरंधर के टाइटल ट्रैक पर किया धांसू डांस

**मुंबई।** मुंबई में सोमवार को रणवीर सिंह की आने वाली फिल्म 'धुरंधर' का म्यूजिक एल्बम लॉन्च हुआ। इस मौके पर रणवीर ने फिल्म के टाइटल ट्रैक पर मंच पर खूब डांस किया और अपनी धमाकेदार एनर्जी से सबको हैरान कर दिया। रणवीर का यह वीडियो फैंस को काफी पसंद आ रहा है। इस कार्यक्रम में रणवीर के साथ अभिनेत्री सारा अर्जुन और रैपर-गायक हनुमानकाइंड भी मौजूद थे। रणवीर पूरे काले कपड़ों में थे और बहुत स्टाइलिश लग रहे थे। जैसे ही टाइटल ट्रैक बजा, वे मंच पर नाचने लगे और दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। यह गाना हनुमानकाइंड और जैस्मीन सैंडलस ने गाया है। रणवीर का यह डांस सोशल मीडिया पर फैंस के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। फैंस ने सोशल मीडिया पर रणवीर की तारीफों के पुल बांधे हैं।

## टीवी मसाला



# 7वें सीजन के साथ लौट रहा एकता का सुपर नेचुरल शो नागिन...

**नई दिल्ली।** एक और मजेदार ड्रामा के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि एकता कपूर का मोस्ट अवेटेड शो नागिन सातवें सीजन के वापस आ रहा है। जिसमें प्रियंका चाहर चौधरी को रहस्यमयी नागिन का रोल निभाने के लिए लिया गया है। 29 साल की एक्ट्रेस को बिग बॉस सीजन 16 में सेकंड रनर-अप रहने के बाद पहचान मिली थी। प्रियंका से पहले नागिन का आइकॉनिक रोल मौनी रॉय, सुरभि ज्योति, निया शर्मा, सुरभि चंदना और तेजस्वी प्रकाश ने किया था। इस शो को दर्शकों ने बहुत पसंद किया है और अब एकता कपूर के शो का 7वां सीजन फिर से भरपूर एंटरटेनमेंट करने के लिए तैयार है। हिंदी सोप-ओपेरा का सातवां सीजन 27 दिसंबर से कलर्स टीवी चैनल पर हर शनिवार और रविवार रात 8 बजे एयर होना शुरू होगा। नागिन सीजन 7 उसी तारीख को उसी समयजियोहॉटस्टार पर रिलीज किया जाएगा। सीजन 7 इस दिसंबर में अपना जादू चलाने के लिए तैयार है। नागिन सीजन 7 के लेटेस्ट प्रोमो में प्रियंका चाहर चौधरी को एक मासूम औरत से रूप बदलने वाली नागिन में बदलते हुए दिखाया गया है। कहानी महाकुंभ मेले पर सेट है, जो एक आने वाले 'महायुद्ध' (बड़े युद्ध) का इशारा देती है। जहां ईशा सिंह का कैरेक्टर प्रियंका के साथ नाग मंदिर को घूरता हुआ दिखाई देता है, जिसका डुअल-लुक सामने आता है, वहीं करण कुंद्रा का कैरेक्टर चेतावनी देता है कि तबाही शुरू हो गई है।

## मैं शेर नहीं जंगल का मालिक हूं : गौरव


**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 अब खत्म होने जा रहा है। शो का फिनाले 7 दिसंबर को होने वाला है, जिसमें पता चल जाएगा कि इस साल बिग बॉस



की ट्रॉफी कौन अपनो घर लेकर जाने वाला है। शो के फिनाले वीक में मीडिया कंटेस्टेंट से मिलने के लिए आती है जिसमें पूरे सीजन के तीखे सवाल उनसे पूछे जाते हैं। इस सीजन में मीडिया एपिसोड में कुछ ऐसा हुआ है, जो आजतक बिग बॉस की हिस्ट्री में नहीं हुआ है। गौरव खन्ना कहते हैं, 'अगर मैं जनता के प्यार से विनर बन गया तो मैं आपको बता रहा हूं शायद आप न माने, ये बहुत से लोगों के लिए इंस्पिरेशन रहेगा कि आप बिना गाली-गलौज किए, बिना गलत स्टैंड लिए भी शो जीत सकते हैं। अगर मैं अभिनय कर रहा हूं तो मुझे ऑस्कर दिया जाए। कोई भी एक्टर ऐसे शो में 24 घंटे इस तरह से एक्टिंग नहीं कर सकता है। ये बात मैं नहीं हमारे शो के सुपरस्टार सलमान सर हैं, उन्होंने ही बोला है। हैट्स ऑफ इस लड़के को अगर ये एक्टिंग है। मैं शेर नहीं, उस जंगल का मालिक हूं, जिसमें शेर छुपकर घूमते हैं।' गौरव का ये जवाब सुनकर रिपोर्ट्स उनके लिए ताली बजाने लगते हैं।

# राजासाब से बोमन का हाथ में छड़ी तिरछी नजर और इंटेंस लुक आउट

**नई दिल्ली।** हॉरर फैंटेसी फिल्म 'द राजासाब' के मेकर्स ने बोमन ईरानी के जन्मदिन पर उनका एकदम नया लुक पोस्टर दिखाया, जो इंडियन सिनेमा के सबसे वर्सेटाइल परफॉर्मर्स में से एक को ट्रिब्यूट है। मारुति के डायरेक्शन में बनी 'द राजासाब' एक आने वाली तेलुगु फिल्म है जिसमें प्रभास लीड रोल में हैं और यह जनवरी 2026 में संक्रांति के त्योहार के मौसम में थिएटर में रिलीज होगी। द राजासाब में बोमन ईरानी एक साइकेट्रिस्ट, हिप्नोटिस्ट और पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटर का रोल निभा रहे हैं। यह एक ऐसा कैरेक्टर है जो इंटेलेक्चुअल और मिस्टीसिज्म से भरा हुआ है। फिल्म के ट्रेलर में पहले ही दिखाया गया है कि वह प्रभास के हीरो को हिप्नोसिस में डालते हैं, जिससे कहानी का पहला बड़ा ट्विस्ट आता है और कहानी की इमोशनल पल्स शुरू होती है। राजासाब को पीपल मीडिया




फैक्ट्री और आईवीवाई एंटरटेनमेंट ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल, रिद्धि कुमार और संजय दत्त भी हैं। यह फिल्म 9 जनवरी, 2026 को हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी।

# वो पांच अभिनेत्रियां, जिन्होंने अपनी सहेली के पति से रचाया विवाह

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई ऐसी लव स्टोरीज हुई हैं जो दोस्ती से प्यार में बदल गईं, लेकिन कुछ मामलों में ये विवादों का कारण भी बनीं। यहां हम बात कर रहे हैं उन पांच एक्ट्रेस की, जिन्होंने अपनी करीबी सहेली के पति से शादी की। बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियों ने अपनी सहेली के पति से शादी रचाई है, भले ही वो उनकी दूसरी बीवी कहलाईं। इस लिस्ट में पांच अभिनेत्रियों के नाम शामिल हैं, जिनके बारे में सुनकर आपको जरूर हैरानी होगी। ये बॉलीवुड की सबसे कंट्रोवर्शियल लव स्टोरीज में से एक हैं, जिनके बारे में जानकर आपको हैरानी जरूर होगी।

***हंसिका मोटवानी*** : टीवी, साउथ और बॉलीवुड फिल्मों में काम कर चुकीं हंसिका ने 2022 में बिजनेसमैन सोहेल कठूरिया से शादी की। लेकिन शादी से पहले ये खबरें आईं कि सोहेल उनकी दोस्त रिंकी बाजाज के पहले पति थे। रिंकी के साथ उनकी दोस्ती टूट गई और ये मामला काफी चर्चा में रहा। हालांकि, हाल ही में रिपोर्ट्स में उनकी शादी में दरार और उनके अलग रहने की अफवाहें सामने आई थीं।





***शिल्पा शेट्टी*** : फिटनेस फ्रीक शिल्पा शेट्टी ने 2009 में राज कुंद्रा से शादी की। राज पहले कविता कुंद्रा से शादीशुदा थे, जो शिल्पा की अच्छी दोस्त थीं। तलाक के बाद राज और शिल्पा ने शादी की, जिससे बॉलीवुड में खूब गॉसिप हुई। आज दोनों खुशहाल हैं और दो बच्चों के माता-पिता हैं।

***अमृता अरोड़ा*** : *मलाइका अरोड़ा की बहन अमृता ने 2002 में बिजनेसमैन शकील लदाक से शादी की। शकील पहले निशा राणा से शादीशुदा थे, जो अमृता की क्लोज फ्रेंड थीं। तलाक के बाद अमृता ने शकील से शादी की। ये जोड़ी आज भी स्ट्रॉन्ग है। शकील की नेट वर्थ करीब 87 करोड़ रुपये बताई जाती है।*

***सोनिया कपूर*** : *टीवी एक्ट्रेस सोनिया कपूर ने 2018 में हिमेश रेशमिया से शादी की। हिमेश पहले कोमल से शादीशुदा थे, और कोमल सोनिया की अच्छी सहेली थीं। 2017 में हिमेश-कोमल का तलाक हुआ, उसके बाद सोनिया ने हिमेश से शादी की। इस शादी ने भी काफी सुर्खियां बटोरीं।*

***रवीना टंडन*** : *रवीना ने 2004 में फिल्ममेकर अनिल थडानी से शादी की। अनिल पहले नताशा सिप्पी से शादीशुदा थे, जो बॉलीवुड प्रोड्यूसर रोमू सिप्पी की बेटी और रवीना की बेस्ट फ्रेंड थीं। रवीना और अनिल की मुलाकात फिल्म 'स्टंप्ड' के सेट पर हुई, और अनिल के तलाक के बाद दोनों ने शादी कर ली।*

## पहली बार किसी रीजनल भाषा की फिल्म ने छुई हैं इतनी ऊंचाइयां

# रिलीज से पहले ही इस सस्पेंस थ्रिलर ने कमाए 350 करोड़

*नई दिल्ली। बॉक्स ऑफिस पर कमाई की तय करती है कि कोई फिल्म सक्सेसफुल हुई या नहीं। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर सफल होने के लिए पहले फिल्म को थिएटर्स में रिलीज होना पड़ता है, जिसके बाद ऑडियंस फिल्म देखती है और अगर फिल्म अच्छी निकली तब ज्यादा से ज्यादा दर्शक उसे देखने आते हैं। लेकिन, एक फिल्म ऐसी भी है जिस पर लोग आंख मुंदकर भरोसा कर रहे हैं, वो भी इतना कि अभी इस फिल्म का एक सीन भी शूट नहीं हुआ है और इसने बिना रिलीज हुए ही 350 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है।*

### लोका : चैप्टर 1 को छोड़ा पीछे

यह एक मलयालम फिल्म है जिसकी शूटिंग अभी शुरू भी नहीं हुई है और इसने पहले ही 350 करोड़ रुपए की जबरदस्त कमाई कर ली है। यह फिल्म है दृश्यम 3 जो सबसे सफल सिनेमाई फ्रेंचाइजी में से एक का आखिरी चैप्टर है, जिसका सबको इंतजार था और इसकी प्री-रिलीज कमाई ने अब हाल की कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है, जिसमें मशहूर लोकाः चैप्टर 1 भी शामिल है।

### दृष्यम 3 को लेकर बढ़ा क्रेज

मोहनलाल और जीतू जोसेफ दृष्यम 3 को लेकर वापस आ गए हैं और फिल्म को लेकर उम्मीदें बढ़ गई हैं, खासकर प्रोड्यूसर एम रंजीत के एक चौंकाने वाले खुलासे के बाद। फिल्म के बारे में बात करते हुए, रंजीत ने कन्फर्म किया कि प्रोजेक्ट ने प्री-रिलीज बिजनेस में पहले ही 350 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। उन्होंने बताया कि प्रोड्यूसर कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक के पैनोरमा स्टूडियोज ने फिल्म के थिएट्रिकल, ओवरसीज और डिजिटल राइट्स के साथ-साथ हिंदी वर्जन बनाने के राइट्स भी खरीद लिए हैं। इस डील ने मलयालम इंडस्ट्री में एक नया बेंचमार्क सेट किया है, यह पहली बार है जब किसी रीजनल भाषा की फिल्म ने बिना फुटेज, टीजर या स्टिल्स के इतनी ऊंचाइयां छुई हैं।

### कहानी कहने का एक कल्चरल सिंबल बन गई



बारह सालों में दृश्यम एक मामूली बजट वाली सस्पेंस ड्रामा से मलयालम कहानी कहने का एक कल्चरल सिंबल बन गई है। पहली फिल्म ने 100 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाए, दूसरी ने महामारी को हराकर 350 करोड़ रुपए का आंकड़ा छुआ और तीसरी ने एक भी फ्रेम कैप्चर होने से पहले ही रिकॉर्ड बना दिए। अब सबसे बड़ा सस्पेंस बॉक्स ऑफिस नंबर्स में नहीं, बल्कि कहानी में है, कौन सी कहानी उन उम्मीदों के लेवल से मेल खा सकती है जो उसने पहले ही जगा दी हैं? सिर्फ जीतू जोसेफ और मोहनलाल के पास स्क्रिप्ट है और देश भर के दर्शक यह देखने का इंतजार कर रहे हैं कि आखिरी चैप्टर कैसे सामने आएगा।

### रिलीज से पहले मचाई हलचल

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दृश्यम 3 ने शूटिंग शुरू होने से पहले ही 350 करोड़ रुपए के क्लब में एंट्री कर ली है। एक प्रोजेक्ट जो अभी भी प्रोडक्शन स्टेज में है, इस कामयाबी ने फिल्म ट्रेड और फैंस दोनों में हलचल मचा दी है। जो बात इस कामयाबी को और भी खास बनाती है, वह है वह सफर जिसने इस फ्रेंचाइजी को यहां तक पहुंचाया। जब दृश्यम पहली बार 2013 में रिलीज हुई थी, तो यह सिर्फ 3 करोड़ रुपए में बनी एक छोटी मलयालम थ्रिलर के तौर पर आई थी। पहली फिल्म से यह दर्शकों के बीच एक पसंदीदा थ्रिलर बन गई और इसके दूसरे पार्ट को भी अपार सफलता मिली।

### हिंदी वर्जन में की धांसू कमाई

जीतू जोसेफ के डायरेक्शन में बनी और मोहनलाल और मीना स्टारर यह फिल्म जल्द ही पूरे देश में सेंसेशन बन गई, यहां तक कि जापान में भी इसके बहुत सारे फैंस बन गए। इसकी दिलचस्प कहानी ने जल्द ही तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी में रीमेक बनाने की प्रेरणा दी। जीतू जोसेफ ने खुद कमल हासन के साथ तमिल अडैप्टेशन डायरेक्ट किया, जबकि श्रीप्रिया ने तेलुगु वर्शन की जिम्मेदारी संभाली, पी वासु ने कन्नड़ रीमेक को डायरेक्ट किया और स्वर्गीय निशिकांत कामत ने अजय देवगन और श्रेया सरन स्टारिंग हिंदी एडिशन को डायरेक्ट किया। अकेले हिंदी वर्जन ने लगभग 1,800 करोड़ रुपए कमाए, जिससे इस फ्रैंचाइजी की पहचान भारत की सबसे मजबूत स्टोरीटेलिंग एक्सपोर्ट्स में से एक के तौर पर पक्की हो गई।

## खबर संक्षेप

### राज्य खो-खो चैंपियनशिप में चमके ग्रामीण खिलाड़ी



**बुर्ला/सुंदरगढ़।** ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को उभारने और उन्हें बड़े मंच तक पहुँचाने के लिए टीपी वेस्टन ओडिशा द्वारा चलाए जा रहे खेल प्रोत्साहन कार्यक्रम का सकारात्मक परिणाम एक बार फिर सामने आया है। सुंदरगढ़ जिले के नुआडीही स्थित टंकधर हाई स्कूल के कक्षा 9 के छात्र दिशान बुड़ा ने पुरी में आयोजित 13वीं राज्य स्तरीय 17 वर्ष से कम आयु वर्ग खो-खो चैंपियनशिप में तीसरा स्थान हासिल करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। टीपीडब्ल्यूओडीएल द्वारा समर्थित कुल सात युवा खिलाड़ियों ने 23 नवंबर को सुंदरगढ़ स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इनमें से दिशान बुड़ा और संतोषिनी मुंडा ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर राज्य स्तरीय चैंपियनशिप के लिए चयन किया गया था। राज्यस्तरीय मुकाबले में दिशान ने दमदार खेल दिखाते हुए सुंदरगढ़ का नाम रोशन किया। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रवीण वर्मा ने दिशान की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा यह जीत सिर्फ एक छात्र की नहीं, बल्कि पूरे सुंदरगढ़ जिले की उपलब्धि है। टीपीडब्ल्यूओडीएल सामाजिक दायित्वों के तहत ग्रामीण प्रतिभाओं को पहचानने, उन्हें प्रशिक्षित करने और बड़े मंच तक पहुँचाने के लिए निरंतर काम करता रहेगा।

### उग्र रूप लेने लगा आयुष छात्रों का आंदोलन



**राउरकेला।** आयुष छात्रों का आंदोलन बुधवार को 11 वें दिन में प्रवेश कर गया है और पिछले पांच दिनों से छात्र छात्राएं दिन रात धरने पर जमे हुए हैं। रविवार को स्वास्थ्य मंत्री के साथ हुई वार्ता असफल रहने के बाद छात्रों ने अपने आंदोलन को और तेज कर दिया है। राउरकेला के उत्कलमणि होम्योपैथी कॉलेज के मुख्य द्वार पर ताला जड़ दिया गया है, और छात्र अपनी आठ प्रमुख मांगों, डॉक्टर पदों की सृजनए पीजी सीटों में बढ़ोतरी और स्टाइपेंड में वृद्धि को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं।

### कलेक्टर ने किया धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण

# छोटे और सीमांत किसानों के टोकन काटने में कोई बाधा न हो: कलेक्टर

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने बुधवार को सारंगढ़ और कोसीर क्षेत्र के धान खरीदी केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। कोसीर उपार्जन केंद्र क्षेत्र में कलेक्टर ने तहसीलदार शनि पैकरा और पटवारी के के साहू को अतिक्रमण हटाने का काम पूरा करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डॉ संजय कन्नौजे ने सभी समिति प्रबंधक को निर्देशित किया किए किसान जब धान बेचने आये तो गेट पास ऐप से समयबद्ध किसानों का फोटो अपलोड एंट्री करें। छोटे एवं सीमांत किसानों को टोकन काटने में कोई दिक्कत ना हो। उन्होंने तौल प्रक्रिया, बारदाना उपलब्धता, नमी मापक यंत्र, स्टेकिंग व्यवस्था, किसानों के धान को फड़ के माध्यम से खरीदी करने सभी आवश्यक प्रबंधों का बारीकी



से जांच कर अच्छे प्रकार से धान खरीदी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नोडल अधिकारी को प्रत्येक शनिवार को खरीदी किए गए धान का भौतिक सत्यापन करने एवं कोचियों के धान पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने किसानों से सीधे संवाद कर धान खरीदी केंद्रों की व्यवस्थाओं एवं उपार्जन प्रक्रिया का फीडबैक लिया। धान खरीदी केंद्र लेंधरा में किसान जगेसर साहू, लक्ष्मी प्रसाद चौहान, छतराम साहू, रक्सा में किसान अशोक जांगड़े, रामनामी शंकर अनंत, कोसीर में नवधा राम जांगड़े, राजेश कुमार सुमन, बाबूलाल साहू, धान खरीदी केंद्र गाताडीह में कुंजराम भुजबल आदि किसानों से कलेक्टर ने सीधे संवाद कर उनसे उनके कितनी भूमि, कितने एकड़ में धान उत्पादन, फसल कैसा हुआ।

## जागा मिशन के नाम पर वसूली, पट्टा वितरण में गड़बड़ी

**राउरकेला।** ओडिशा में सत्ता परिवर्तन के बाद जागा मिशन के तहत राउरकेला महानगर निगम द्वारा किए गए पट्टा वितरण का मामला एक बार फिर गरमा गया है। मिशन की आड़ में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है तथा बस्तीवासियों से पट्टा के नाम पर करोड़ों रुपये वसूले गए, जबकि सरकार की ओर से यह योजना निःशुल्क थी।

जानकारी के अनुसार, कुल 4747 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देने के योग्य घोषित किया गया था। इनमें से 1423 लाभार्थियों को मुफ्त में प्रमाण पत्र दिया गयाए जबकि 1528 लोगों से 2 करोड़ 80 लाख 76 हजार 670 रुपये वसूले गए। निगम का कहना है कि यह राशि लेखा अनुभाग में जमा है और प्रमाण पत्र पर तहसीलदार के हस्ताक्षर भी मौजूद हैं। हालाँकि, राष्ट्रवादी कॉंग्रेस पार्टी का आरोप है कि श्यह तो केवल वह रकम है जो रिकॉर्ड में दर्ज हुई, असली जांच उन पैसों की भी होनी चाहिए जो सीधे अधिकारियों की जेब में गए होंगे। बस्ती क्षेत्रों के लोगों का कहना है कि उनसे ली गई रकम समान नहीं थी किसी से लाखों तो किसी से कुछ हजार रुपए वसूले गए। कई लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि प्रमाण पत्र होने के बावजूद उनके घर वन विभाग या रेलवे द्वारा तोड़े गएए जिससे ये प्रमाण पत्र अमान्य साबित हुए। रा कॉं पा ने इसे राजनीतिक लाभ के लिए वोट बैंक नीति का हिस्सा बताते हुए कहा कि श्पिछली सरकार और स्थानीय नेताओं ने फर्जी पट्टा के नाम पर गरीबों को ठगा। बस्तीवासियों का आरोप है कि प्रमाण पत्र बैंक लोन तक के लिए मान्य नहीं, जिससे इसकी वैधता पर सवाल खड़े होते हैं। लोग अब वसूली गई राशि की तत्काल वापसी की मांग कर रहे हैं। चेतावनी दी गई है कि यदि धन वापसी नहीं हुई, तो आने वाले दिनों में नगर निगम के खिलाफ बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

## पीएचसी चंद्रपुर की अव्यवस्थाओं पर बाल आयोग ने लिया संज्ञान

**चंद्रपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंद्रपुर में की गई औचक जांच के बाद स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं में तेजी से सुधार हुआ है। निरीक्षण में पेयजल, बिजली व्यवस्था, साफ सफाई सहित कई मूलभूत सुविधाओं की गंभीर कमी सामने आई थी, जिसके बाद तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए थे। आयोग अध्यक्ष द्वारा संबंधित विभाग को 31 अक्टूबर तक सभी खामियों को दूर करते हुए विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। साथ ही सुधार कार्यों की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित भेजने को भी कहा गया था। निर्धारित समय सीमा के अनुपालन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सक्ती के मार्गदर्शन में चिकित्सा अधिकारी चंद्रपुर डॉ. टेकन सिंह मनहर ने 31 अक्टूबर को आयोग को प्रतिवेदन दे दिया है। प्रतिवेदन में बताया गया कि निरीक्षण के दौरान पाई गई सभी प्रमुख कमियों का समाधान कर लिया गया है।




स्वास्थ्य केंद्र में पेंटिंग कार्य भी अंतिम चरण में है, जिसे जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया गया है।आयोग ने प्रस्तुत प्रतिवेदन पर संतोष जताते हुए शेष कार्य को शीघ्र पूरा कर पुनः जानकारी भेजने के निर्देश दिए हैं। अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों में अव्यवस्था किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं है, विशेषकर उन स्थानों पर जहाँ चिकित्सा सेवाओं के लिए बच्चे, प्रसूताएँ और ग्रामीण पूरी तरह इन संस्थानों पर निर्भर रहते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसी किसी भी लापरवाही पर आयोग आगे भी संवेदनशीलता के साथ सख्त कार्रवाई करेगा।

## दिव्यांगजन समाज का अभिन्न हिस्सा : भोई

**राजगांगपुर।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर होप स्कूल, राजगांगपुर में जागरूकता और सम्मान से परिपूर्ण एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर उत्साह, गरिमा और सामाजिक समावेशिता के भाव से सराबोर रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बड़गांव एसडीपीओविभूति भूषण भोई रहे।

राजगांगपुर नगर परिषद के उपाध्यक्ष सम्मानित अतिथि और वार्ड नं. 14 की पार्षद विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। मुख्य अतिथि भोई ने अपने संबोधन में कहा, दिव्यांगजन समाज का अभिन्न हिस्सा हैं। उन्हें सुरक्षा, सम्मान और समान अवसर मिलना अत्यंत आवश्यक है। सभी ने होप स्कूल द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की और हर संभव सहयोग देने की बात कही। सभी ने शिक्षकों और शिक्षिकाओं के समर्पण को सराहा। कार्यक्रम की शुरुआत में होप संस्था के अध्यक्ष ने स्वागत भाषण देकर संस्था की सेवाओं व उद्देश्यों पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में संस्थान से जुड़े डॉ. सरोजिनी साहू, डॉ. पवित्र साहू, विरंचि पटेल, आशीष सतपथी, सरबजीत कौर,



नवीन छोटरा और जोसेफ चेरीयन आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। होप संस्था के महासचिव एवं कार्यक्रम संयोजक ने पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन किया। होप स्कूल के छात्रदृछात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दींए जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा।

### समान अवसर का संदेश

कार्यक्रम के समापन पर दिव्यांगजनों के लिए समान अवसर, सम्मान और सामाजिक स्वीकृति का संदेश दिया गया। यह आयोजन न केवल जागरूकता का माध्यम बनाए बल्कि समाज को संवेदनशील और सहभागी बनने की प्रेरणा भी प्रदान कर गया।

## युवा खिलाड़ियों ने किया ओडिशा का नाम रोशन

**राउरकेला।** राउरकेला स्पोर्ट्स एसोसिएशन क्रिकेट अकादमी ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रदेश में नई पहचान बनाई है। अकादमी की स्थापना के बाद से ही यहां के खिलाड़ी नियमित रूप से ओडिशा का प्रतिनिधित्व करते आए हैं। राज्य के विभिन्न जिलों में आयोजित क्लब स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी अकादमी की टीम कई बार विजेता और उपविजेता रही है।



पिछले कुछ वर्षों में अकादमी के कई खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल के बल पर प्रतिष्ठा अर्जित की है। इसी कड़ी में इस वर्ष अकादमी के तीन उभरते जूनियर खिलाड़ियों ने ओडिशा का प्रतिनिधित्व कर अकादमी को गौरवान्वित किया है। ये खिलाड़ी हैं कृ राज यादवए महेश कुमार साहू और सीबान शिवान माझी। राज यादवए जो सत्यदेव यादव और सोनमती यादव के पुत्र हैंए बाएं हाथ के ऑफ स्पिनर हैं। उन्होंने इस वर्ष ओडिशा अंडर.19 कूच बिहार ट्रॉफी के लिए चयनित होकर शानदार प्रदर्शन किया। ओडिशा प्रीमियर टी 20 लीग में भी उनके प्रदर्शन ने सबको प्रभावित कियाए जिसके बाद वे सैयद मुश्ताक अली टी 20 टूर्नामेंट के लिए वरिष्ठ टीम में भी चुने गए।

महेश कुमार साहू, जो प्रदीप साहू और सुजाता साहू के पुत्र हैं, दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं। उन्होंने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओडिशा अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी में जगह बनाई। वहीं सीबान माझीए बोंडमुंडा निवासी सुरज माजी और संयुक्ता माजी के पुत्र तथा दाएं हाथ के लेग स्पिनर, इस वर्ष ओडिशा अंडर 16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी के लिए चयनित हुए हैं। इन तीनों खिलाड़ियों ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ इच्छाशक्ति से सफलता की नई सीढ़ियाँ तय की हैं।




## खबर संक्षेप

### एनएसएस ने कुम्हारी में निकाली नशामुक्ति रैली

**सारंगढ़।** शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय से संबंध शाउमा विद्यालय कोसीर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के 6 वें दिन बौद्धिक चर्चा कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में जितेंद्र चंद्रा यातायात प्रभारी, विशिष्ठ अतिथि श्रीमती हीरा भैरव नाथ जाटवर व अध्यक्षता सरपंच श्रीमती राजेश्वरी नव रत्न चंद्रा, प्रधानआ, मुकेश साहू, श्याम प्रधान एअक्षय रात्रे, प्रभारी प्रधान पाठक नरेश सुमन, उपस्थित हुए, अतिथियों के द्वारा छग महतारी, विवेकानंद व बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया। मुख्य अतिथि द्वारा यातायात के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। विशिष्ट अतिथि हीराबाई के द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला गया। सरपंच ने शिवरार्थियो के उज्जवल भविष्य की कामना की। नशामुक्त समाज हेतु युवा थीम पर गांव में रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया। गांव के ग्रामीणों द्वारा अपने अपने घरों के सामने रंगोली, कलश जलाकर स्वागत किया गया। रैली में ग्रामीण लोगों की सहभागित रही। कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार जांगड़े व सभी स्वयं सेवक रैली में तख्ती के साथ नारा लगाते हुए भ्रमण किए।

### विधानसभा में गूंजा सुंदरगढ़ कोयला घोटाला

**सुंदरगढ़।** सुंदरगढ़ जिले के चर्चित कोयला कांड चोरी व तस्करी पर मंगलवार को राजगांगपुर विधायक डॉ. सीएस राजन एक्का ने विधानसभा में शून्यकाल के दौरान सरकार की चुप्पी पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि खनन मंत्री और 9 सदस्यीय उच्चस्तरीय टीम की घटना स्थल जांच के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हुई। कांग्रेस विधायक श्री एक्का ने कहा कि हेमगिर क्षेत्र में 9,84,3420 मीट्रिक टन कोयला चोरी व तस्करी का सरकारी खुलासा हुआ था, जबकि वास्तविक रूप में आरक्षित व राजस्व जंगलों में सैकड़ों गड्ढे खोदकर 20 हजार टन से अधिक कोयला माफियाओं द्वारा चोरी किया गया। इसके बावजूद सिर्फ चार स्थानीय निर्दोष लोगों को गिरफ्तार कर एक साइकिल और ट्रैक्टर जब्त कर खानापूर्ति की गई, जबकि असली माफियाओं पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### संकट में देव नदी, पानी सूखा, चरम पर तस्करी

**राउरकेला।** झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले के गम्हारिया से उद्गमित देव नदी ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले के नुआगांव और कुआरमुंडा ब्लॉक के हजारों लोगों की जीवनरेखा रही है। लगभग 56 किलोमीटर का सफर तय कर यह नदी झिरपानी के पास कोएल नदी में मिलती है। एक समय जल से सदैव भरी रहने वाली यह नदी अब बारिश छोड़कर वर्षभर सूखी दिखाई देती है। नुआगांव की 20 में से 12 से अधिक पंचायतों और कुआरमुंडा ब्लॉक की कई पंचायतों के किसान खरीफ–रबी दोनों मौसम में इस नदी पर निर्भर थे। पहले लगभग 75 प्रतिशत ग्रामीण कृषि पर आश्रित थे, लेकिन अब पानी के अभाव में महज 12 प्रतिशत भूमि ही सिंचित हो पाती है। नुआगांव में खरीफ में केवल 24 प्रतिशत और रबी में 8 प्रतिशत सिंचाई संभव हो पा रही है। सब्ज़ी उत्पादन में नुआगांव की पहचान रही है।

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी सरिया,
जिला–सारंगढ–बिलाईगढ़ (छ.ग.)
रा.मा.क्र ब–121 वर्ष 2025–26
ग्राम पोरथ प.ह.नं. 19
रा.नि.मं सरिया तहसील सरिया

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामकुमार बारीक पिता स्व. वासुदेव बारीक निवासी पोरथ तहसील सरिया जिला सारंगढ़–बिलाईगढ़ छ.ग. के द्वारा अपने पुत्र प्रवीण कुमार बारीक का जन्म दिनांक 01.08.2008 (शब्दों में एक अगस्त दो हजार आठ) को ग्राम पोरथ में जन्म होने से तथा समयावधि में पंजीयन दर्ज नहीं करा पाने से जन्म/मृत्यु पंजीयन दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र, अनुपलब्धता, चालान एवं शपथ पत्र एवं दस्तावेज के साथ प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो वह स्वंय या अपने किसी अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 09.12.2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त उजर दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 27.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सरिया

## सरिया में दुर्घटना में हुई मासूम बच्चों की मौत के बाद जागा प्रशासन

# भारी वाहनों पर प्रतिबंध, नो एंट्री में गाड़ी घुसी तो होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

सरिया में सड़क दुर्घटना में दो स्कूली मासूम बच्चों की मौत की घटना के बाद कलेक्टर सारंगढ़ बिलाईगढ़ ने आदेश जारी करते हुए जिले में स्कूली टाइम टेबल पर भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। बता दे की जिले के सरिया तहसील मुख्यालय में पिछले पखवाड़े सरिया के अटल चौक में ग्राम बरपाली के 7 वर्षीय दो मासूम स्कूली बच्चों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।

इसके बाद गुस्सा, ग्रामीणों ने सरिया में चक्का जाम आंदोलन किया तथा विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों के द्वारा नगर में स्कूली टाइम टेबल पर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने की मांग की गई थी। जिस पर जिला प्रशासन ने लोगों के मांग पर पूरे जिले में सुबह 7 से 11 बजे तक एवं शाम 4 से 6 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है। जिसका पालन बुधवार से लागू हो गया है। आज से ही स्कूली टाइम टेबल पर भारी वाहनों पर रोक लग गई है। जिससे स्कूली छात्र छात्राओं सहित आम नागरिकों ने राहत की सांस ली है। बता दे की भारत माता पब्लिक स्कूल पुजेरीपाली के दो मासूम छात्रों की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद किसान संघ सरिया एवं कांग्रेस पार्टी के द्वारा कलेक्टर के नाम तहसीलदार सरिया को ज्ञापन दिया था और मांग किया था कि भारी वाहनों पर रोक लगाई जाए।



सरिया का मुख्य मार्ग जहां लगा भारी वाहनों पर प्रतिबंध।

जिस पर जिला प्रशासन द्वारा गंभीरता से लेते हुए सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में भारी वाहनों पर स्कूली इस टाइम टेबल पर रोक लगा दी है। आंचलिक किसान संघ के अध्यक्ष मोहन पटेल ने जिला प्रशासन को धन्यवाद व्यापित करते हुए कहा कि यह व्यवस्था नियमित रूप से लागू रहे। कुछ दिन लागू रहने के बाद फिर छूट दे दी जाती है। ऐसी नौबत ना आए और प्रशासन आदेश को नियमित लागू करे।

**भारी वाहनों पर लागू**

विगत दिनों सरिया नगर में भारत माता पब्लिक स्कूल के दो स्कूली छात्रों के मौत के मामले के बाद नागरिकों के मांग पर कलेक्टर सारंगढ़ बिलाईगढ़ के द्वारा नगर सहित पूरे जिले में भारी वाहनों पर स्कूल टाइम टेबल पर नो एंट्री आदेश जारी किया गया है। जिससे स्कूली छात्रों सहित आम नागरिकों ने राहत की सांस ली है।

**कमलेश अग्रवाल, अध्यक्ष नपं**

**कांग्रेस ने किया था मांग**

सरिया में सड़क दुर्घटना के कारण में दो स्कूली बच्चों के तथा दो नागरिकों के मौत के बाद कांग्रेस ने कलेक्टर महोदय को मांग किया था कि नगर में स्कूली टाइम टेबल के दौरान नो एंट्री लागू किया जाए जहां जिला प्रशासन ने आवेदन को गंभीरता से लिया और इसके लिए पूरे जिले में नो एंट्री का आदेश जारी किया गया है।

**शरद यादव, प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी**



## जर्जर शासकीय स्कूलों को लेकर कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

सरिया क्षेत्र के शासकीय प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल की हालत जर्जर होने पर से एनएसयूआई के द्वारा जर्जर भवनों के जीर्णोद्धार की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम तहसीलदार सरिया को ज्ञापन सौंपा है। एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष निखिल डनसेना के नेतृत्व में बुधवार सुबह 11 बजे एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के द्वारा महानदी के तट पर स्थित ग्राम परसरामपुर से लेकर तोरा तक शासकीय प्राथमिक शाला एवं मिडिल विद्यालय के जर्जर भवनों के सुधार की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है।

कलेक्टर सारंगढ़ बिलाईगढ के नाम सौंपे गए ज्ञापन में एनएसयूआई ने कहा है कि ग्राम तोरा से लेकर परसरामपुर तक के प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों की हालत अंतिम जर्जर स्थिति में है। इसमें अधिकांश स्कूलों के छत कभी भी टूट सकता है। एनएसयूआई ने कहा कि ग्राम सुरसी प्राथमिक शाला में तीन कक्षा एक साथ आंगनबाड़ी एक रूम में संचालित हो रहा है। साथ ही साथ आंगनवाड़ी भी इस एक कमरे में संचालित हो रहा है। शासन द्वारा स्कूल भवनों की स्थिति को लेकर अनेकों बार जानकारी लिया जाता है और आदेशित कर दिया जाता है कि जर्जर स्कूल भवन में कक्षा ना लगाया जाए पर शासन व शिक्षा विभाग के द्वारा उनके समाधान के लिए कोई उचित कदम नहीं उठाया जाता। एनएसयूआई ने कहा कि जो बच्चे स्कूल जा रहे हैं। उनकी स्थिति किसी जंग लड़ने से कम नहीं है। स्कूली बच्चे अपनी जान को जोखिम में डाल कर शिक्षा लेने को मजबूर हैं। शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत न्यूनतम आवश्यकताओं के अंतर्गत परिसर के उचित व्यवस्था का भी प्रावधान है। पर इन अधिनियमों का अवहेलना स्पष्ट रूप से किया जा रहा है। तहसीलदार सरिया कोमल साहू को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यदि इन सभी जर्जर स्कूल भवनों की स्थिति में यथासंभव सुधार नहीं हुआ। तो एनएसयूआई छात्र हित में उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे

**ज्ञापन दिया गया**

एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने जर्जर स्कूलों की मरम्मत को लेकर कलेक्टर के नाम बुधवार को मेरे को ज्ञापन दिए हैं। मैं शीघ्र ही उनकी ज्ञापन को कलेक्टर को भेजूंगा।

**कोमल साहू**
**तहसीलदार सरिया**

**मरम्मत नहीं हुई तो आंदोलन**

सरिया क्षेत्र के महानदी किनारे स्थित शासकीय प्राथमिक शाला एवं मिडिल स्कूल की हालत अत्यंत जर्जर है। बच्चे जान जोखिम में डालकर विद्या अध्ययन करने को मजबूर हैं। शीघ्र ही मरम्मत कार्य नहीं हुआ तो एनएसयूआई उग्र आंदोलन करेगा।

**निखिल डनसेना**
**ब्लॉक अध्यक्ष एनएसयूआई**

## किसानों ने की तिलगी धान खरीदी केन्द्र में 950 ग्राम ज्यादा लेने की शिकायत

**पुसौर।** पुसौर तहसील क्षेत्र में तिलगी सोसायटी की नवीन स्थापना हुई है। जिसमें धान खरीदी करते समय 40 किलो ग्राम कट्टा में 950 ग्राम अतिरिक्त धान किसानों से लिए जाने का तथ्य प्रकाश में आया है। वहीं प्रत्येक कट्टे के तौल के नाम पर 5 रुपए अतिरिक्त राशि लेने की बात भी कही जा रही है। ज्ञात हो कि सरकार द्वारा प्रति क्विंटल लगभग 38 रुपए सोसायटी को भुगतान करता है इसके बावजूद 5 रुपए और सूखत के नाम 950 ग्राम तेजा लिया जाना किसानों के गाढी कमाई में सेध मारना है। इस तरह की स्थिति प्रत्येक धान खरीदी केन्द्र में है जिसकी शिकायत किसान कर सकते हैं लेकिन इन्हें झांसे में लेकर धान खरीदी प्रबंधन मौन कर देता है।



## बटाउपाली अ में निकली गुरू घासीदास की शोभायात्रा

**कोसीर।** परम पूज्य गुरु बाबा घासीदास जयंती के अवसर पर ग्राम बटाउपाली अ मे भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पूरे गांव के गणमान्य नागरिक महिला पुरूष व सतनाम साथी उपस्थित रहे। वही ग्राम सरपंच सहित सभी पंचगण उपस्थित रहे इस विशेष बाबा घासीदास के शोभायात्रा पर पूरे गाव के घरो घर के आगन पर कलश निकाल कर पूजा आरती कर स्वागत किया गया। वहीं गांव के चौक चौराहे पर बनी बाबा की जैत खम्भे में पहुंचकर पूरी श्रद्धा भाव के साथ पूजा पाठ किया उसके पश्चात रात्रि कालीन पंथी नृत्य की विशेष प्रस्तुति दी गई। इस तरह से ग्राम बटाउपाली पूरी तरह से इस समय भक्ति मय माहौल लग रहा है।



## क्वान की डो चैंपियनशिप में जिले को मिले 6 पदक

खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से जिले का नाम राज्यभर में रोशन हुआ

**बिलाईगढ़।** अंबिकापुर के गांधी स्टेडियम इंदौर हॉल में 29-30 नवंबर को आयोजित तृतीय छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय क्वान की डो चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 6 पदक हासिल किए।

नगर बिलाईगढ़ स्थित मार्शल आर्ट अकादमी के खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्गों में मुकाबला करते हुए शानदार सफलता प्राप्त की। प्रतियोगिता में लोकेश बर्मन ने दो स्वर्ण, आराधना रत्नाकर ने स्वर्ण, लालिमा बारले ने स्वर्ण,कमल केवट ने रजत, तथा सोनल केवट ने कांस्य पदक जीता। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से जिले का नाम राज्यभर में रोशन हुआ है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर जिले के खिलाड़ियों का चयन आगामी जम्मू कश्मीर में आयोजित होने वाली नेशनल चैंपियनशिप के लिए भी किया गया है, जहाँ वे छत्तीसगढ़ टीम का नेतृत्व करेंगे। इस सफलता पर जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन के महासचिव गोविंद अजय, जिला कराते एसोसिएशन के पदाधिकारी कौशल जांगड़े, तथा मार्शल आर्ट अकादमी बिलाईगढ़ के प्रशिक्षक प्रतीक श्रीवास, शुभम देवांगन, डेविड मनहर, रंजीत पंकज सहित खेल प्रेमियों ने सभी विजेताओं की सराहना की है।



## पॉयोनियर स्कूल में द्वितीय सोपान स्काउट जांच शिविर

**पुसौर।** तहसील मुख्यालय पुसौर से महज 8 किमी दूर पॉयोनियर स्कूल में शिक्षा, संस्कार के साथ साथ स्काउट का भी नियमित प्रशिक्षण आयोजित की जाती रही है। चलित कार्यक्रम में पूरे ब्लॉक के शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों के 155 बच्चे सम्मिलित हैं। जिसमें स्काउट 98 गाईड 56 हैं शिविर संचालक राजकिशोर स्वर्णकार मुख्य परीक्षक रोवर कृष्ण कुमार बारीक, सहायक शिविर संचालक मिलापसिंह पटेल, मुख्य परीक्षक पंकज विश्वाल, सहायक संचालक पीताम्बर गुप्ता, गाईड सुश्री सुभाषिनी खम्हारी, पायोनियर स्कूल कोडातराई के संचालक व क्वार्टर मास्ट सनत कुमार चौधरी ने बताया कि 2019 से दिवतीय सोपान जांच शिविर अपने स्कूल में संचालित हो रही है।

## बड़े भंडार धान खरीदी केन्द्र में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

**पुसौर।** बड़े भंडार सोयायटी के प्रबंधक एवं उसके समर्थकों द्वारा आए दिन ऐसे कुछ किया जाता है जिसमें किसानों को धरना में बैठना पड़ता है। वर्तमान धान खरीदी के बीच किसानों से तौल की राशि लेने तथा वहां कार्यरत कर्मचारियों को एकाएक निकाल दिए जाने से धरना प्रदर्शन किया।



जानकारी के मुताबिक उप धान खरीदी केंद्र बुनगा की स्थापना पूर्व जिला पंचायत सदस्य आकाश मिश्रा के प्रयास से स्थापना हुआ और तब से लेकर निर्विविवाद रूप से धान खरीदी कार्य जारी है। कु कुछ दिन पहले किसानों से धान तौलाई को लेकर प्रति कट्टा 5 रुपए के साथ ही 900 ग्राम ज्यादा धान तौलाई की जाती थी। इस तथ्य के मद्देनजर जिला युवक कांग्रेस आशीष जायसवाल, पंकज पटेल, बाबूलाल गुप्ता, कृष्णचंद सिदार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता लल्लु सिंह, युवक कांग्रेस अध्यक्ष भुवनेश्वर साहू सहित सैकड़ों कांग्रेजनों के उपस्थिति में पूर्व जिला पंचायत सदस्य व प्रदेश कांग्रेस सचिव आकाश मिश्रा ने हुंकार भरते हुए धरना प्रदर्शन किया था। जिसमें तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे जिन्होंने एक सप्ताह का समय लेकर मामले का निपटारा करने की बात कही जिससे धरना टला। ज्ञात हो कि सहायक लिपिक डुलामणि रजक, बारदाना प्रभारी आशीष मिश्रा, चौकीदार मदन साव, अमृतलाल साव, जयनारायण मैत्री नंदकिशोर सिदार व लकेश्वर को बिना सूचना के पद से पृथक कर दिया । जबकि जब से बुनगा धान खरीदी केन्द्र संचालित है तब से लेकर लगातार ये कार्यरत थे और इस बीच इनका कहीं कोई शिकायत नहीं था।

## कनकबीरा पुलिस की कार्रवाई, 1.5 किलो गांजा जब्त

**सारंगढ़।** कनकबीरा चौकी पुलिस ने रविवार वाहन चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल से अवैध गांजा परिवहन कर रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 01 किलो 500 ग्राम गांजा तथा घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल जब्त की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 15 हजार रुपए बताई गई है। गिरफ्तार आरोपियों में दयानिधि दास पिता स्व. रेशम दास, 32 निवासी कलमी थाना अम्बाभौना, करुण दास पिता उद्धव दास महंत, 35 निवासी झलमला, चौकी कनकबीरा शामिल हैं। जानकारी के अनुसार 1 दिसंबर को चेकिंग के दौरान कानकबीरा सराईपाली मार्ग पर काले रंग की मोटर साइकिल में सवार दो लोग पुलिस को देखकर भागने लगे, जिन्हें पीछा कर पकड़ा गया। मोटर साइकिल के पीछे बंधे थैले की जांच करने पर उसमें गांजा मिला। आरोपियों से पूछताछ में उन्होंने बिक्री के लिए गांजा परिवहन करना स्वीकार किया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 बी के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।



## नपा अध्यक्ष को मिला सारंगढ़ का प्रभार

**खरसिया।** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने विधानसभावार प्रभारियों की नियुक्ति की है। जिसमें खरसिया नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग को सारंगढ़ का प्रभार दिया है। बीजेपी प्रदेश भर में संगठनात्मक नियुक्ति कर रही है। भाजपा हमेशा संगठन को लेकर गंभीर होकर कार्य करती है और संगठन में योग्य व्यक्तियों को आगे बढ़ाती है। नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग को सारंगढ़ का प्रभारी बनाने की जानकारी मिली खरसिया भाजपा को मिली तो उत्साह का संचार हो गया। श्री गर्ग हमेशा भाजपा की मजबूती के लिए सक्रियता के साथ काम करते है। जमीन स्तर से लेकर संगठन में इनकी गहरी पैठ होने के कारण भाजपा इनको समय समय पर बड़ी जिम्मेदारी प्रदान करती है और ये उन सभी जिम्मेदारियों का बखूबी से निर्वहन करते आ रहे है। बंटी सोनी उपाध्यक्ष नगरपालिका, सतीश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल मंडी, पार्षदों में अरुण चौधरी,राधे राठौर, दीपक अग्रवाल, दीपक तारा, चीनू शर्मा, पतालु, नगर मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा, गिरधारी गवेल, आनंद अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल बीड़ी,

### 16 तक चलेगा मेला, लगेगा सर्कस और झूला

# 12 दिसम्बर से शुरु होगा कोसीर मड़ई मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसीर

कोसीर में 12 से 16 दिसम्बर तक पांच दिवसीय मड़ई मेला का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति व ग्राम पंचायत के प्रति निधि ने बताया कि कोसीर की मडाई महोत्सव पूरे क्षेत्र की सबसे प्रसिद्ध मेला महोत्सव माना जाता है। जिसमे अंचल सहित काफी दूर दराज से लोग सैकड़ों की संख्या में पहुंचकर मेले का लुत्फ उठाते है। जिसको ध्यान मे रखकर तैयारी की जाती है ताकि बाहर से आए हुए दूर दराज के लोगो को कोई भी परेशानी का सामना न करना पड़े और बड़े मजे से मेला महोत्सव का आनंद ले सके।

विदित हो कि कोसीर की मडाई मेला बहुत वर्षो से रीति रिवाज के अनुसार चली आ रही है जो कि फसल कटाई होने के बाद किसानो व अंचल के खुशी को ध्यान मे रखकर दिसंबर माह मे मनाया जाता है। वही मेला मे सर्कस सिनेमा झूले इत्यादि छोटे बड़े फूटकर व्यापारियों के दूकानो से सजी हुई काफी आकर्षक का केन्द्र लगता है। इस बार मडाई मेला ग्राम पंचायत न्यू सरपंच सूमन राजेंद्र राव पंचगण उपसरपंच लता पोलेशवर बनज व नए ठिकादार गुलशन लहरे की अगुवाई मे अगले वर्ष की भांति इस बार और भी मजेदार व सुशोभित ढंग से किया जायेगा। मेला को बडे ही सुन्दर व सुशोभित ढंग से बनाने के लिए अभी से आयोजन समिति कार्य मे जुटे हुए है और मेला स्थल की साफ सफाई व व्यवस्था मे लगातार प्रयास कर रहे है मेला ठेकेदार गुलशन लहरे ने बताया इस बार मेला महोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ की जायेगी इसलिए बाहर दूर दराज से आने वाले व्यापारियों भाई से अपील है कि मेला स्थल पहुंचकर या सम्पर्क बनाकर अपना स्थान सुरक्षित कर ले। कोसीर मेला को लेकर अंचल के लोगों में अभी से उत्साह दिखाई दे रहा आसपास दूर दराज से लोग मेला स्थल पहुंचकर व्यापारियों भाई अपने लिए स्थान बना कर सुरक्षित कर रहे है जिसके फलस्वरूप कोसीर मेला स्थल अभी से काफी रौनक लगने लगा है

**राउत नाच होता है विशेष आकर्षण का केंद्र**



सदियो से चली आ रही है रीति रिवाज के अनुसार मेला मे राउत नाच विशेष मानी जाती है राउत लोग रंग विरंगे वेशभूषा के साथ नृत्य करते हुए अपनी शौर्य प्रदर्शन दिखाते है जिसे मनोरंजन के दृष्टिकोण से लोग बाग काफी पसंद करते है।

online Booking:-www.tripuryatra.com




बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी,
40 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411